ग्वालियर | बुधवार | 15 अक्टूबर 2025 | वर्ष 31 | अंक 60 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत


5 संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत


6 खतरनाक तरीके से बढ़ रहे साइबर क्राइम


7 भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एआई केंद्र


10 राहुल के अर्धशतक से भारत की आसान जीत

## एक नजर में



### कुपवाड़ा सेक्टर में दो आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. सेना ने कुपवाड़ा सेक्टर में घुसपैठरोधी अभियान के दौरान दो आतंकियों को मार गिराया. जिले में सुबह-सुबह आतंकवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई. जानकारी के अनुसार, सेना ने माछिल सेक्टर में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम किया. सेना ने एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधियां देखी थीं. इसके बाद इलाके में सघन तलाशी अभियान छेड़ा गया. पाकिस्तान की ओर से आतंकी लगातार घुसपैठ की फिराक में रहते हैं. खासकर सर्दियों में बर्फबारी तेज होने के पहले पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आतंकियों की घुसपैठ कराने का प्रयास करती हैं, लेकिन चौकन्ना सुरक्षाबलों ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया गया है. कुपवाड़ा में भी सेना ने ऐसी ही हरकत का करारा जवाब दिया और आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया.

## गुस्ताखी माफ




# 9 पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**11** पुलिसकर्मियों के खिलाफ डकैती सहित अनेक धाराओं में केस दर्ज | **02** करोड़ 70 लाख रुपए अब तक पुलिस ने किए जब्त

**सिवनी। जिले में 3 करोड़ रुपए के हवाला कांड में पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे समेत 9 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है. डीजीपी कैलाश मकवाना के निर्देश के बाद 11 पुलिस कर्मियों के खिलाफ डकैती, अवैध रूप से रोकना, अपहरण और आपराधिक षडयंत्र की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है.**

मंगलवार को एसडीओपी पूजा पांडे, एसआई अर्पित भैरम, एसडीओपी कार्यालय के आरक्षक माखन इनवाती, योगेंद्र चौरसिया, जगदीश यादव और बंडोल थाने के आरक्षक नीरज राजपूत सहित 9 को गिरफ्तार किया है.

पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा ने बताया कि हवाला मामले में एसडीओपी पूजा पांडे समेत कुल नौ की गिरफ्तार कर ली गई है. मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है जिसका नेतृत्व क्राइम ब्रांच जबलपुर जितेन्द्र सिंह को सौंपा गया है. मामले की जांच जारी है जबलपुर कनेक्शन समेत अन्य बिन्दुओं पर जांच चल रही है.



आरोपी पुलिसकर्मियों पर लखनवाड़ा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 310 (2) (डकैती), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 140 (3) (अपहरण) और 61(2) (आपराधिक षडयंत्र) के अंतर्गत आरोप लगाए गए हैं.

घटना के तुरंत बाद ही सभी 11 पुलिसकर्मी निलंबित हो चुके थे। सिवनी पुलिस ने नागपुर के शख्स सोहन परमार से करीब 3 करोड़ रुपए जब्त किए थे. पुलिस पर आरोप है कि रिपोर्ट में जब्ती सिर्फ एक करोड़ 45 लाख रुपए की दिखाई. इतना ही नहीं, आरोपी को भी बिना कार्रवाई छोड़ दिया. इसकी जानकारी वरिष्ठ अफसरों को भी नहीं दी. जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था. 9 अक्टूबर को सीएसपी पूजा पांडे और एसआई अर्पित भैरम ने यह 1.45 करोड़ रुपए की रकम जमा कराई थी. मामला सामने आने के बाद 9 अक्टूबर की रात को आईजी प्रमोद वर्मा ने थाना प्रभारी अर्पित भैरम समेत 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया था. इसके बाद 10 अक्टूबर को डीजीपी कैलाश मकवाना ने एसडीओपी पूजा पाण्डेय को भी सस्पेंड कर दिया था.



### किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम

इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी प्रकरण में कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कहा है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि डीएसपी स्तर के अधिकारी की भी गिरफ्तारी की गई है. अन्य पुलिस कर्मचारियों की गिरफ्तारी के साथ थी एफआईआर भी दर्ज की गई है. बीते सोमवार को इसी केस में पुलिस ने नागपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था.

# बीजेपी ने घोषित किए 71 उम्मीदवार

- सम्राट चौधरी को तारापुर सीट से बनाया उम्मीदवार
- मैथिली ठाकुर और पवन सिंह का नाम नहीं

**पटना 14 अक्टूबर. बीजेपी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है, जिसमें कुल 71 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं. इस सूची में पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को तारापुर सीट से उम्मीदवार बनाया गया है. हालांकि, पार्टी की पहली लिस्ट में भोजपुरी एक्टर पवन सिंह और सिंगर मैथिली ठाकुर का नाम नहीं है.**

बीजेपी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 9 महिलाओं को भी टिकट दिया है. लिस्ट में अन्य प्रमुख नामों में रेणु देवी (बेतिया), प्रमोद कुमार सिन्हा (रक्सौल), श्यामबाबू प्रसाद यादव (पिपरा), नीतीश मिश्रा (झंझारपुर) समेत कई नेताओं को टिकट मिला है. इनके अलावा राम कृपाल यादव को दानापुर सीट से पार्टी की ओर से चुनाव मैदान में उतारा गया है.




### 9 महिलाओं को टिकट

1. बेतिया से रेणु देवी
2. परिहार से गायत्री देवी
3. नरपतगंज से देवंती यादव
4. किशनगंज से स्वीटी सिंह
5. प्राणपुर से निशा सिंह
6. कोढा से कविता देवी
7. औराई से रमा निषाद
8. वारसलीगंज से अरुणा देवी
9. जमुई से श्रेयसी सिंह

### पहली लिस्ट में उम्मीदवार

| नाम | सीट |
|---|---|
| विजय कुमार सिन्हा | लखीसराय |
| सम्राट चौधरी | तारापुर |
| रामकृपाल यादव | दानापुर |
| डॉ. प्रेम कुमार | गया टाउन |
| तारकिशोर प्रसाद | कटिहार |
| आलोक रंजन झा | सहरसा |
| मंगल पांडेय | सीवान |

यह सूची केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद जारी की गई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे.

### बीजेपी ने 10 विधायकों का टिकट काटा

बिहार में युवा उम्मीदवारों पर ज्यादा भरोसा दिखाया गया है. 10 विधायकों का टिकट कटा है. इनमें से 5 मंत्री रहे हैं. इनमें विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व मंत्री रामप्रीत पासवान, अमरेंद्र सिंह, रामसूरत राय जैसे बड़े नेता शामिल हैं. बीजेपी ने रीगा से मोतीलाल प्रसाद की जगह बैद्यनाथ प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है. मोतीलाल प्रसाद बिहार सरकार में मंत्री भी रहे हैं. मुंगेर से विधायक प्रणव कुमार का टिकट काटकर पार्टी ने कुमार प्रणय को उम्मीदवार बनाया है.

# एएसआई संदीप ने गोली मारकर की आत्महत्या

## ओपी सिंह बने हरियाणा के कार्यवाहक डीजीपी, शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेजा

**रोहतक. आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद हरियाणा पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ है. आईपीएस पूरन कुमार के बाद एएसआई संदीप लाठर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. रोहतक आईजी ऑफिस की साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप कुमार लाठर ने मंगलवार को सिर में गोली मारकर खुदकुशी कर ली. एएसआई की सुसाइड के बाद यह मामला और गहरा गया है.**

एएसआई ने सुसाइड से पहले वीडियो और पांच पेज के सुसाइड नोट लिखे थे. आईपीएस पूरन कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं और डीजीपी शत्रुजीत कपूर को ईमानदार बताया है. हरियाणा सरकार ने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेजा और सुबह आईपीएस ओमप्रकाश सिंह को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है.



### दलितों के साथ ऐसा बर्ताव मंजूर नहीं : राहुल

राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ पहुंचे. इसके बाद वे दिवंगत वरिष्ठ आईपीएस वाई. पूरन कुमार के आवास पर गए. वहां उन्होंने पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत पूरन कुमार और उनकी बेटी अमूल्या से करीब आधे घंटे तक बातचीत की. इस मुलाकात में उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और उनकी बात सुनी. राहुल गांधी ने कहा कि दलितों के साथ ऐसा बर्ताव मंजूर नहीं है.

# मालखाने में रखे 55 लाख रुपए और 10 लाख के जेवर गायब

**बालाघाट, 14 अक्टूबर. जिला मुख्यालय के कोतवाली थाने में मालखाने में रखे 55 लाख रुपए नकदी और 10 लाख रुपए के सोने-चांदी गहने गायब हो गए हैं. मालखाने का इंचार्ज इन पैसों को जुए में हार गया है.**

खुलासा तब हुआ जब फरियादी थाने में अपने पैसे लेने पहुंचा. पुलिस ने इस मामले में मालखाना इंचार्ज प्रधान आरक्षक राजीव पंद्रे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. बालाघाट आईजी संजय कुमार ने इस बात की पुष्टि की है.

जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस ने ठगी के एक मामले में आरोपियों से 55 लाख रुपए नकद बरामद कर लिए थे. ये रकम और सोने चांदी के कुछ गहने मालखाने में जमा रखे गए थे. महिला फरियादी ने कोर्ट की प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब कोतवाली में अपने पैसे हासिल करने के लिए टीआई से संपर्क किया. टीआई ने मालखाना इंचार्ज राजीव पंद्रे को रुपए लाने को कहा, तब उसने मालखाने का भीतर से गेट बंद कर लिया. पंखे से लटकने की भी कोशिश की, लेकिन उसे बचा लिया गया.

# सीनियर कमांडर सोनू समेत 60 नक्सलियों का सरेंडर

**गढ़चिरौली 14 अक्टूबर. नक्सलवाद को पूरे देश से जड़ से मिटाने के लिए गृह मंत्रालय के नेतृत्व में अभियान चल रहा है. महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में माओवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है.**

माओवादियों के केंद्रीय कमेटी के साथ-साथ पोलित ब्यूरो मेंबर और सीनियर नक्सली कमांडर मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू उर्फ भूपति ने सरेंडर किया है. उसके साथ 60 अन्य नक्सलियों ने समर्पण किया है. अपने नक्सली साथियों के साथ सोनू ने सोमवार की देर रात पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है.

पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, गढ़चिरौली जिले के दक्षिणी हिस्से में घने जंगलों में यह सामूहिक समर्पण हुआ है.

बताया जा रहा है कि सुरक्षा का ध्यान रखते हुए एक गुप्त जगह पर यह आत्मसमर्पण हुआ. सोनू उर्फ भूपति के साथ 10 डीवीसीएम दर्जे के कमांडर ने भी आत्मसमर्पण किया है. सुरक्षा बलों की सख्ती का असर है कि इस इलाके में नक्सलियों की कमर टूट गई है.

